नामांकन के आखिरी दिन... पृष्ठ 2 | शाला वार्षिकोत्सव एवं बाल मेला... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मोः 98274-61508, 83192-88559

गुरूवार, 30 जनवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 107, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# महाकुंभ भगदड़ : 40 की मौत, 60 से ज्यादा घायल

## सीएम योगी बोले- हालात काबू में; पीएम मोदी ने हादसे पर जताया दुख, सीएम साय ने जताया दुःख, श्रद्धालुओं से संयम बनाए रखने का किया आग्रह




**प्रयाग।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से बड़ी खबर है। महाकुंभ में मंगलवार (28 जनवरी) देर रात भगदड़ मच गई। संगम तट पर करीब डेढ़ बजे मची भगदड़ में 40 से अधिक लोगों की मौत हो गई। 60 से ज्यादा घायल हैं। भगदड़ के बाद प्रशासन के अनुरोध पर सभी 13 अखाड़ों ने बुधवार (29 जनवरी) को मौनी अमावस्या का अमृत स्नान रद्द करने का ऐलान किया। हालांकि, बाद में भीड़ घटने के साथ ही बिना शोभा यात्रा के साथ सभी अखाड़ों ने अमृत स्नान किया।। प्रशासन संगम त्रिवेणी घाट पर फिलहाल आम श्रद्धालुओं को एंट्री नहीं दे रहा है।

**अफवाह के कारण मची भगदड़**

मंगलवार-बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे संगम नोज पर अचानक भगदड़ मची। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, किसी अफवाह के कारण श्रद्धालुओं में घबराहट फैल गई और भीड़ बेकाबू हो गई। अफरातफरी के दौरान कुछ महिलाएं नीचे गिर गईं, जिसके बाद लोग उन्हें कुचलते हुए आगे बढ़ गए। इस घटना के बाद प्रशासन ने स्थिति को काबू में लाने के लिए एनएसजी कमांडो को तैनात कर दिया है। वहीं, श्रद्धालुओं की भीड़ को काबू करने के लिए संगम नोज इलाके में आम लोगों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है।

**पीएम मोदी ने हादसे पर जताया दुख**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान के दौरान हुई भगदड़ की घटना पर दुख जताया है। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें अपने प्रियजनों को खोने वाले श्रद्धालुओं के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। पीएम मोदी ने योगी आदित्यनाथ से भी बात की और स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने प्रशासन को पीड़ितों की हरसंभव मदद के निर्देश दिए।

**शिवसेना नेता संजय राउत ने यूपी सरकार को घेरा**

इस हादसे को लेकर विपक्ष ने यूपी सरकार पर निशाना साधा है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि योगी सरकार महाकुंभ मेले के प्रचार-प्रसार में लगी रही, लेकिन व्यवस्थाओं पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब गृह मंत्री और रक्षा मंत्री स्नान के लिए पहुंचे, तो पूरा क्षेत्र सील कर दिया गया, जिससे आम श्रद्धालुओं को भारी परेशानी हुई। राउत ने कहा, 1954 में पंडित नेहरू खुद महाकुंभ की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने गए थे, लेकिन आज के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री उतने सक्रिय नहीं दिख रहे।

**रेलवे ने भगदड़ के बाद दी सफाई**

महाकुंभ में भगदड़ के बाद रेलवे ने स्थिति स्पष्ट की। रेलवे बोर्ड के प्रवक्ता दिलीप कुमार ने कहा कि मौनी अमावस्या पर भीड़ को संभालने के लिए रेलवे ने व्यापक योजना बनाई थी। उन्होंने कहा, हमारी योजना थी कि जब श्रद्धालु स्नान के बाद घर लौटेंगे, तो अधिक संख्या में अनारक्षित श्रेणी की ट्रेनें चलाई जाएंगी। लेकिन हादसे के बाद कुछ ट्रेनों को अस्थायी रूप से रोका गया था। अब स्थिति नियंत्रण में है।卐 इस बीच, प्रशासन ने कुंभ क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए आसपास के जिलों से डॉक्टरों को भेजने के निर्देश दिए हैं।

**कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने साधा निशाना**

यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सरकार की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, इस हादसे ने यूपी सरकार की असफलता को उजागर कर दिया है। सरकार ने कुंभ के नाम पर सिर्फ ब्रांडिंग और मार्केटिंग की, लेकिन श्रद्धालुओं की सुरक्षा की चिंता नहीं की।

**भगदड़ मचने की वजह आई सामने**

भगदड़ के पीछे प्रशासनिक लापरवाही भी सामने आई है। पहला कारण यह बताया जा रहा है कि अमृत स्नान के दौरान अधिकतर पोंटून पुलों को बंद कर दिया गया था, जिससे लाखों की भीड़ संगम क्षेत्र में जमा हो गई। इस दौरान कुछ श्रद्धालु बैरिकेड्स में फंस गए और गिर पड़े, जिससे भगदड़ की अफवाह फैल गई। दूसरा कारण संगम नोज क्षेत्र में प्रवेश और निकास मार्गों का अलग न होना रहा। श्रद्धालु उसी रास्ते से लौट रहे थे, जिससे वे आए थे, जिससे भीड़ बेकाबू हो गई।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मु ने जताया दुख**

हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी शोक जताया है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ की घटना बेहद दुखद है। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। वहीं, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर बातचीत की और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि घायलों के इलाज के लिए केंद्र सरकार पूरी तरह से मदद करेगी।

## सीएम साय ने जताया दुःख, श्रद्धालुओं से संयम बनाए रखने का किया आग्रह

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने प्रयागराज



महाकुंभ में हुए हादसे पर शोक प्रकट किया है। उन्होंने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की है। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने महाकुंभ में हुए घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए दुःख व्यक्त किया है। साय ने सोशल मीडिया में पोस्ट करते हुए लिखा कि, प्रयागराज महाकुम्भ में संगम तट पर घटित भगदड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में कई श्रद्धालुओं के निधन और घायल होने की खबर अत्यंत दुःखद है।ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं घायल श्रद्धालुओं के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। सभी श्रद्धालुओं से आग्रह है कि संयम बनाए रखें और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का अनुपालन करें। मां गंगा के जिस घाट के समीप हैं, वहीं पुण्य स्नान करें। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में मंगलवार (28 जनवरी) देर रात भगदड़ मच गई। संगम तट पर करीब डेढ़ बजे मची भगदड़ में 14 से अधिक लोगों की मौत हो गई।

# आम आदमी पार्टी का घोषणा पत्र शहर वासियों को लुभा रहा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आम आदमी पार्टी ने नगर निगम चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस भाजपा पत्र जारी करने में पीछे रह गई है। महापौर पद के लिए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कमलेश स्वर्णकार ने नामांकन भी पहले ही भर दिया था। अपने घोषणा पत्र जारी करने में भी आम आदमी पार्टी अवल रही है। पार्टी का घोषणा पत्र शहर के सभी 51 वार्ड की जनता को लुभाने लगी है। वही प्रचार प्रसार के लिए श्री स्वर्णकार के साथ बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग और महिलाएं जुड़ने लगे हैं। इस तरह समझ आने लगा है कि आम आदमी पार्टी कांग्रेस भाजपा का समीकरण बिगाड़ सकती है।

आम आदमी पार्टी के महापौर प्रत्याशी कमलेश स्वर्णकार ने घोषणा पत्र को लेकर कहा जनता के लिए समर्पित, विकास के लिए प्रतिबद्ध मैं आप सभी के सहयोग और समर्थन से राजनांदगांव नगर निगम महापौर पद हेतु चुनाव में खड़ा हो रहा हूँ। मेरा उद्देश्य नगर के प्रत्येक नागरिक को बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराना और एक स्वच्छ, सुंदर, तथा विकसित शहर का निर्माण करना है। मैं निम्नलिखित वादों के साथ आपके सामने उपस्थित हूँ। 1. निगम क्षेत्र में जिन गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार ने अपनी गाढ़ी कमाई और मेहनत से स्वयं का किसी तरह मकान बना लिया है। ऐसे लोगों को भी काफी परेशान कर सम्पत्ति कर वसूला जा रहा है। मेरे महापौर बनने पर सम्पत्ति कर में विशेष छूट प्रदान करूंगा।जिससे गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार को पूरी राहत मिले। 2. करों में राहत और पारदर्शिता, हाउस टैक्स एवं अन्य नगर निगम करों को 50 प्रतिशत तक कम करने का प्रयास। 3. ऑनलाइन बिल भुगतान और पारदर्शी टैक्स सिस्टम लागू करना। नल बिल और बिजली बिल के आसान एक्सचेंज एवं समायोजन की सुविधा। 4. मॉडल वार्ड योजना। प्रत्येक वार्ड को एक मॉडल वार्ड में विकसित किया जाएगा,



**महापौर प्रत्याशी कमलेश स्वर्णकार को जिताने घोषणा पत्र ही काफी**

जिसमें पार्क, स्ट्रीट लाइट, स्वच्छता अभियान, और जल प्रबंधन जैसी सुविधाएँ होंगी। 5. महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षित सार्वजनिक स्थानों का निर्माण। 6. हर वार्ड में स्वास्थ्य केंद्र और सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था। 7. स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण। 8. स्वच्छ नगर, स्वस्थ नगर अभियान के तहत कचरा प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग। 9. प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए सख्त नियम और जागरूकता अभियान। 10. नगर में अधिक से अधिक हरियाली बढ़ाने हेतु वृक्षारोपण अभियान। 11. जल आपूर्ति और सीवरेज व्यवस्था में सुधार 12. आपूर्ति सुनिश्चित करना। 13. पुराने जल पाइपलाइन को बदलकर लीकेज मुक्त आपूर्ति प्रणाली। 14. जलभराव की समस्या के समाधान हेतु नई ड्रेनेज प्रणाली लागू करना। 15. रोजगार और व्यवसाय को बढ़ावा। 16. स्थानीय युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करना। 17. छोटे व्यापारियों को नगर निगम से विशेष आर्थिक सहायता। 18. नगर में नए उद्योगों को आकर्षित करने के लिए निवेश योजनाएँ। 19. डिजिटल और स्मार्ट नगर निगम। 20. स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत डिजिटल सेवाओं का विस्तार। 21. नगर निगम की शिकायत निवारण प्रणाली को अ नलाइन और प्रभावी बनाना। 22. प्रत्येक नागरिक को आसान और त्वरित सेवाएँ देने हेतु मोबाइल एप्लिकेशन। 23. स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार। 24. नगर निगम स्कूलों का आधुनिकीकरण और शिक्षकों की गुणवत्ता में सुधार। 25. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुफ्त चिकित्सा सुविधा और 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा। 26. वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए विशेष योजनाएँ। मैं वचन देता हूँ कि आपके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूँगा और नगर के विकास में कोई कमी नहीं आने दूंगा। आइए, मिलकर संस्कारधानी राजनांदगांव को एक आदर्श शहर बनाएं।

# साव बोले- कांग्रेस ने चुनाव के पहले मान ली हार, प्रत्याशी नहीं मिलने पर परिवादवाद अपनाया : अरूण साव



**रायपुर।** डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि, कांग्रेस पूरी तरह निराश और हताश हो चुकी है और चुनाव से पहले हार मान ली है। भाजपा सभी नगरीय निकायों में चुनाव जीतने वाली है। छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव ने बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता कर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस पूरी तरह निराश और हताश हो चुकी है और चुनाव से पहले हार मान ली है। कांग्रेस प्रत्याशी घोषित करने में भी नाकाम रही। रैलियां तक रद्द कर दी गई और कांग्रेस में अंदरूनी हालात आपातकाल जैसे हैं। कांग्रेस को रायपुर से महापौर प्रत्याशी घोषित करने महिला कार्यकता नहीं मिली। परिवारवाद यहां भी भारी पड़ गया। डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि, राज्य के 10 नगर निगमों, 49 नगरपालिकाओं और 114 नगर पंचायतों में जो चुनाव हो रहा है। उसके लिए नामांकन दाखिले का काम मंगलवार को पूर्ण हो चुका है और बुधवार को नामांकन पत्रों की समीक्षा हो रही है। इस बीच अनेक स्थानों पर उन्हें (स्वयं श्री साव को) 2023 के विधानसभा, 2024 के लोकसभा चुनावों और रायपुर दक्षिण उपचुनाव के समय जैसा उत्साह था। वैसा ही उत्साह निकाय चुनावों की नामांकन रैलियों में दिखाई पड़ा है। श्री साव ने आगे कहा कि, यह बताता है कि नगरीय निकाय में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में लहर चल रही है और भाजपा सभी नगरीय निकायों में चुनाव जीतने वाली है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कांग्रेस में मचे अंदरूनी घमासान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि, कांग्रेस की हालत सबके सामने है। पिछले 5 दिनों में जो मंजर प्रदेशवासियों ने देखा है।

nandgaon times jan-30-02.qxd 1/30/2025 12:12 AM Page 2



# नामांकन के आखिरी दिन फार्म भरने मची रेलमपेल

## निर्दलियों ने भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों का समीकरण बिगाड़ा ,अध्यक्ष हेतु चार ने जमा किए पर्चे



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगरीय निकाय चुनाव अंतर्गत नामांकन फार्म जमा करने आखिरी दिन आज स्थानीय निर्वाचन कार्यालय में अभ्यर्थियों की रेलमपेल रही। फार्म जमा करने के आखिरी दिन आज भाजपा प्रत्याशी अंजू त्रिपाठी ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की अगुवाई में पार्षद प्रत्याशियों व बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं के साथ गाजे बाजे व धूमधड़ाके के साथ नामांकन रैली निकाली। वहीं कांग्रेस से बगावत कर चुनावी समर में उतरी निर्दलीय प्रत्याशी स्मिता लोढा ने भी अपने समर्थकों के साथ रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। इसके अलावा दोनों दलों के बागियों ने निर्दलीय के रूप में नामांकन फार्म भरकर प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के आला नेताओं की नींद उड़ा दी है। आज एक ही दिन में 15 वार्डों के लिए कुल 53 अभ्यर्थियों ने तथा अध्यक्ष पद हेतु कुल 4 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म जमा किये हैं।

स्थानीय निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्षद पद हेतु वार्ड नं. 1 से गीता सलामे (कांग्रेस) व कुंती आल्हा (भाजपा), वार्ड नं. 2 से वैशाली बोरकर (कांग्रेस) व निर्मला हरि मालेकर (भाजपा), वार्ड नं. 3 से प्रियंक जैन (कांग्रेस), संतोष यादव (भाजपा), विक्रम कुमार लहरे (शिवसेना), वार्ड नं. 4 से संजय मुटकुरे (कांग्रेस), रविशंकर शुक्ला (निर्दलीय), अक्षय कुमार जैन (निर्दलीय), ज्ञानेश्वर हिरवानी (निर्दलीय), विकास गुप्ता (निर्दलीय) व रोहित गुप्ता (भाजपा), वार्ड नं. 5 से प्रफुल्ल जैन राजा (भाजपा), अखिलेश नखत (कांग्रेस), तुषार गायकवाड़ (निर्दलीय) व आकाश ढीमर (निर्दलीय), वार्ड नं. 6 से अरूणा देवांगन (कांग्रेस), गायत्री यादव (भाजपा), संगीता अहीर (निर्दलीय), वार्ड नं. 7 से सतीश वैष्णव (कांग्रेस), कोमल साहू (भाजपा), व मो. सिद्धिक बडगुजर



(निर्दलीय), वार्ड नं. 8 से वर्षा सोनी (निर्दलीय), रितू सोनकर (भाजपा),श्रद्धादेवी बोहरा (निर्दलीय), नफीसा मुसलमान (निर्दलीय) तथा श्रुति शुक्ला (कांग्रेस) ने अपने नामांकन फार्म जमा किये। इसी प्रकार वार्ड नं. 9 से अजय मंडलोई (कांग्रेस), लीलाराम मंडलोई (भाजपा), वार्ड नं. 10 से कोलेश्वरी देवांगन (निर्दलीय), लक्ष्मीनारायण सेन (भाजपा), किशोर बोहरा (निर्दलीय), महेन्द्र वैष्णव (कांग्रेस) व जितेन्द्र सोनकर (निर्दलीय), वार्ड नं. 11 से सद्दाम खत्री (कांग्रेस), दीपक देवांगन (कांग्रेस), मो. रमजान बडगुजर (भाजपा), राकेश देवांगन (निर्दलीय), प्रदीप देवांगन (निर्दलीय), वार्ड नं. 12 से श्यामसुंदर लाउत्रे (कांग्रेस) व दुर्गेश रामटेके (भाजपा), वार्ड नं. 13 से मनबोधी पटेल (भाजपा) व राकेश साहू (कांग्रेस), वार्ड नं. 14 से पुरूषोत्तम साहू (भाजपा), रूखमणी साहू (कांग्रेस), हिरदेराम साहू (निर्दलीय), धनसाय पटेल



(निर्दलीय), वार्ड नं. 15 से दुलारी सोनी (निर्दलीय), पदमिनी ठाकुर। (भाजपा), सुलोचना सोनी (निर्दलीय) व रंजू रत्नाकर (कांग्रेस) ने अपने अपने नामांकन फार्म जमा किये। इसके अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु स्मिता उर्फ पिंकी लोढा (निर्दलीय), अंजूलता त्रिपाठी (भाजपा), पुष्पादेवी यादव (कांग्रेस) तथा सरिता बाई ढीमर (निर्दलीय) ने अपने फार्म भरे। नामांकन फार्म भरने की अंतिम तिथि के बाद जो स्थिति सामने आई है, उसके अनुसार 5 वार्डों में कांग्रेस - भाजपा में सीधी टक्कर है। कल प्राप्त सभी नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी, जबकि 31 जनवरी नाम वापसी का आखिरी दिन है।

# जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 गैन्दाटोला में घमासान की स्थिति

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में 13 सीट जिला पंचायत क्षेत्र के लिए निर्धारित किया गया है । जिसमें से 8 सीटों पर महिला प्रत्याशियों के लिए आरक्षित किया गया है। मात्र पांच सीट ऐसे हैं जहां पुरुष जनप्रतिनिधि चुनाव लड़ सकते हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में पुरुषों के लिए अपने हेतु सीट तलाश रहे हैं। महिलाओं के लिए आरक्षित क्षेत्र क्रमांक 1, 2, 4 ,5, 6, 8 ,10एवं 11 यह आठों सीट पर महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। मात्र पांच सीटों में पुरुष वर्ग चुनाव लड़ सकते हैं 3, 7 ,9 ,12 ,13 जिसमें से जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 अनारक्षित होने के कारण गैन्दा टोला क्षेत्र में पुरुष दावेदारों की भीड़ लग गई है। गैन्दाटोला निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 में जिला पंचायत सदस्य का चुनावी बिगुल बज चुका है।भाजपा एवं कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी क्षेत्र में अपने-अपने हिसाब से जनसंपर्क कर रहे हैं और अपने-अपने पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं से मिल जुल रहे हैं।जिला एवं प्रदेश मेंअपने-अपने पार्टी के नेताओं से अपने लिए पार्टी के टिकट मांगने के लिए आवेदन दे रहे हैं। भाजपा की ओर से हिरेन्द्र साहू खोराटोला, गीता साहू जोशीलमती, सोहन साहू भोलापुर, किरण साहू हालेकोसा , किरण वैष्णव भंडारपुर ने अपनी अपनी दावेदारी पेश की है ।इसी प्रकार गैन्दाटोला क्षेत्र से कांग्रेस की ओर से चार दावेदारों का नाम सामने आया है। जिसमें से राजकुमारी सिंन्हा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष छुरिया, चुम्मन साहू जनपद सदस्य छुरिया, प्रकाश शर्मा गैन्दाटोला प्रमुख रूप से दावेदार हैं।लेकिन कांग्रेस के वर्तमान विधायक भोलाराम साहू एवं पूर्व विधायक छन्नी साहू अपने-अपने समर्थकों को टिकट दिलवाने के लिए लगे हुए हैं।यह तो वक्त ही बतायेगा कि कांग्रेस की टिकट किसे मिलेगी ।प्राप्त जानकारी के अनुसार चुम्मन साहू के टिकट के लिए दोनों विधायक विरोध कर रहे हैं। यदि चुम्मन साहू को टिकट मिलता है तो भविष्य में विधायक पद के दावेदार हो जाएगा।इस हिसाब से राजकुमारी सिन्हा एवं प्रकाश शर्मा के बीच फैसला होना निश्चित है।इन संबंधमें दिनांक 27 से 2021 सोमवार को मंडल भाजपा के कोर ग्रुप की बैठक हुई जिसमें भाजपा की वरिष्ठ नेताओं ने विचार विमर्श किया गया ।साहू समाज से चार दावेदार हैं। गैन्दाटोला जिला पंचायत क्षेत्र में अभी तक साहू समाज के प्रत्याशी ही चुनाव जीतते आया है जिसमें हाले कोसा निवासी किरण साहू बादराटोला निवासी हिरेंद्र कुमार साहू, गीता साहू जोशी लमती चुनाव में विजय होकर आए हैं। एवं श्रीमती छन्नी साहू विधायक बनने के पहले इसी क्षेत्र से चुनाव लड़कर जिला पंचायत सदस्य बनी है। उस समय जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र का आधा से ज्यादा हिस्सा श्रीमती छन्नी साहू के जिला पंचायत क्षेत्र मेंआता था। इसी प्रकार इस निर्वाचन क्षेत्र में चार बार साहू समाज का प्रत्याशी चुनाव जीतते आया है। इस क्षेत्र में टिकट पाने के लिए भाजपा का एक नेता अपनी पत्नी को चुनाव मैदान में उतारने के लिए एड़ी चोटी एक कर दिया है। और प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत छुरिया में सात जनपद सदस्यों को अध्यक्ष बनाने के नाम पर गुमराह किया जा रहा है।कुल मिलाकर अपने उल्लू सीधा करने में लगे हुए हैं।

# जिला महिला सेन समाज महिला प्रकोष्ठ राजनांदगांव द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती मनाई गई



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत रत्न जननायक कर्पुरी ठाकुर की 101वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास से सेन समाज राजनांदगांव द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सेन समाज के महिला एवं पुरूष सदस्य एवं पदाधिकारी द्वारा कर्पुरी ठाकुर जी के तैल चित्र में दीप प्रज्जवलित एवं फूल मालाओं द्वारा औपचारिक कार्यक्रम की शुभारंभ की गई। जिले के पदाधिकारी द्वारा उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष निशा श्रीवास जी ने अपने उद्बोधन में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही जिला सेन समाज के जिला महामंत्री अनुप श्रीवास जी ने अपने उद्बोधन में श्री कर्पूरी ठाकुर जी के शिक्षा जगत पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला एवं शहर सेन समाज के वरिष्ठ सदस्य श्री बिहारी सेन जिला सेलून संघ के जिलाध्यक्ष ईश्वर श्रीवास, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कौशिक, जिला महामंत्री अनूप श्रीवास, गणेश कौशिक, बंटी सेन, ईश्वर सेन, अशोक श्रीवास, जिला महिला प्रकोष्ठ से जिलाध्यक्ष श्रीमती निशा श्रीवास सचिव गौरी श्रीवास, उपाध्यक्ष केशरी श्रीवास, सहसचिव संतोषी सेन, ब्लॉक सचिव कांति सेन, कांति श्रीवास जी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। यह जानकारी जिला महिला सेन समाज के जिलाध्यक्ष श्रीमती निशा श्रीवास ने दी।

## नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देव बाग के छात्रों का राज्य-स्तरीय कराते प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** चैम्पियन ऑफ चैम्पियन द्वितीय ओपन स्टेट कराते चैम्पियनशीप 2025 का आयोजन दिनांक 18 जनवरी 2025 से 19 जनवरी 2025 को राजनांदगांव में हुआ। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से विभिन्न जिलों से 350 खिलाड़ियों ने इस स्पर्धा में भाग लिया। जिसमें राजनांदगांव जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवर ऑल चैम्पियन का खिताब पर नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देव बाग के विद्यार्थियों ने अपना कब्जा जमाया। जिसमें



# खैरागढ़ महाविद्यालय में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न



**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के परिपालन में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के शासकीय महाविद्यालयों की समीक्षा का बैठक रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय अग्रणी महाविद्यालय खैरागढ़ में 28 जनवरी 2025 को संपन्न हुई। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग से क्षेत्रीय अपर संचालक, दुर्ग संभाग डॉ. राजेश पांडे, सहायक संचालक डॉ. सुमीत अग्रवाल उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़, नवीन कन्या शासकीय महाविद्यालय, खैरागढ़, एवं नवीन शासकीय महाविद्यालय जालबांधा के प्रचार्य डॉ. ओ. पी. गुप्ता, शासकीय महाविद्यालय, छुईखदान एवं नवीन शासकीय महाविद्यालय, बाजार अतरिया से प्रभारी प्राचार्य डॉ. जयति विश्वास, शासकीय महाविद्यालय गंडई एवं शासकीय महाविद्यालय साल्हेवारा से प्राचार्य डॉ. डी. पी. कुर्रे, शासकीय महाविद्यालय ठेलकाडीह से प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे। समीक्षा बैठक का प्रारंभ बैठक के समीक्षा अधिकारी डॉ. राजेश पांडे ने दीप प्रज्जवलित कर किया। प्राचार्य डॉ. ओ. पी. गुप्ता ने जिले के महाविद्यालयों की संक्षिप्त में जानकारी देते हुये संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं गतिविधियों के बारे में बताया। डॉ. राजेश पांडे ने पावर पाइंट के माध्यम से गत दो वर्षों की जानकारी प्राप्त की। जिसमें शैक्षणिक कैलेन्डर अनुसार कियान्वित की जाने वाली गतिविधियों, प्रायोगिक, आंतरिक मूल्यांकन, कीड़ा गतिविधियां, महाविद्यालय के नैक की जानकारी, महाविद्यालय की उपलब्धियां, शोध संबंधी जानकारी, पोषक विद्यालय योजना, शिक्षण संबंधी जानकारी, छात्रवृत्ति आदि प्रमुख रुप से थे। समीक्षा बैठक के उपरांत अपर संचालक डॉ पांडे ने रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय, खैरागढ़ का निरीक्षण कर कार्यालयीन कार्य एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश एवं सुझाव दिये। इस कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत एवं आभार डॉ. जितेन्द्र कुमार साखरे ने किया। कार्यकम में सहायक प्राध्यापक भबीता मंडावी, मनीषा नायक, डॉ. मेधावनी तुर्रे, ज्योति, मैथली, शबीना, दामिनी वर्मा, निशा दुबे, विजेन्द्र वर्मा, गुरुदेव आदि के साथ सभी अधिकारी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## उच्च स्तरीय औषधि निपटान समिति द्वारा नशीले पदार्थों के नष्टीकरण की कार्रवाई की गई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** उच्च स्तरीय औषधि निपटान समिति द्वारा क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, भिलाई एवं पंचानों की उपस्थिति में समुचित सुरक्षा व्यवस्था के साथ राजनांदगांव रेंज अंतर्गत आने वाले राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के कुल 110 प्रकरणों में लगभग 1 करोड़ 74 लाख 70 हजार रूपए के गांजा 1458.518 किलोग्राम, कैप्सूल 4032 नग, ब्राउन शुगर 2548.8 मिलीग्राम, टेबलेट 60 नग को भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-03 भस्मीकरण यंत्र भिलाई जिला दुर्ग में मादक पदार्थ को जलाकर तथा अन्य नशीली दवाईयों सीरप 235 नग एवं इंजेक्शन 60 नग को प्लांट के पास सुरक्षित स्थान पर खुले स्थान में सेसीबी से गड्डा खुदवाकर दबाकर व पाटकर विधिवत नष्टीकरण की कार्रवाई सम्पन्न की गई।

**शुभांक**

**2-6-9**

**250-7 369-8**

**भाग्यांक**

**588-1 456-5**

## आम - सूचना

मै खेमचंद साहू पिता बाबूलाल निवासी ग्राम मालूद तहसील खैरागढ जिला केसीजी (छ.ग.) का रहने वाला हुं। मेरी पुत्री कुमारी भूमिका का जन्म 26/5/2011 को हुई थी उनके स्कूली शैक्षणिक प्रमाण पत्र में भी जन्म तिथि 26/5/2011 अंकित है जो की सही है। किन्तु आधार कार्ड मे मेरी पुत्री का नाम भुनेश्वरी साहू और जन्म 8/6/2011 अंकित हो गया जो गलत है।

मै अपनी पुत्री का नाम व जन्म तिथि स्कूली शैक्षणिक प्रमाण पत्र के अनुसार आधार कार्ड मे रखना चाहता हुं। जिसे राजपत्र मे प्रकाशन की आवश्कता है।

अतः यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हुं।

दिनांक:- 29/01/2025

खेमचंद साहू
ग्राम मालूद
तहसील खैरागढ
जिला केसीजी (छ.ग.)

## घर के अंदर फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के समीपस्थ ग्राम लेडीजोब के युवक के फांसी लगा अपने जीवन की ईहलीला समाप्त कर ली है. पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि परिजनो की रिपोर्ट अनुसार ग्राम पंचायत बछेराभांटा के आश्रित ग्राम लेडीजोब में 28 जनवरी की रात्रि देवेंद्र कुमार मंडावी पिता रामचंद्र मंडावी उम्र 29 वर्ष ने अपने घर के अंदर फन्दा लगा फांसी लगा ली है कि सूचना पर घटना स्थल पहुँच पंचनामा कार्यवाही कर परिजनो की उपस्थिति में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. वही पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है. ।

## आम - सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार श्रीमती चुम्मी देवांगन ध.प. श्री शत्रोहन देवांगन निवासी वार्ड नं. 16, दाऊचौरा, खैरागढ़ तह. खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.) की तरफसे यह सूचित करता हूं कि एक संपति जिसका खसरा नं. 19/25, रकबा 140 वर्गमीटर जो कि ग्राम झोराझोरी, प.ह.नं. 29. रा.नि.मं. पांडादाह, तह. खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.) को मेरे पक्षकार द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 06/05/2024 द्वारा कय किया था। उक्त संपति को पूर्व में श्री उमेश कुमार साहू आ. श्री पुरन लाल साहू ने खसरा नं. 19/5 का टुकड़ा, रकबा 141.821 वर्गमीटर को पंजीकृत बैनामा दिनांक 13/01/2022 को श्री संतोष आ. श्री विजय दास से कय किया था, उक्त पंजीकृत बैनामा की मूलप्रति कहीं गुम हो गई है जिसकी सूचना संबंधित पुलिस थाने में दिनांक 14/01/2025 को दर्ज करवाई गई है। अतः उपरोक्त परिस्थितियों में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वितीय संस्था, शासकीय व अर्धशासकीय निकाय, कंपनी, निगम, ग्राम पंचायत, साहूकर, फर्म आदि को उपरोवर्णित भूमि तथा उस पर निर्माण पर किसी भी प्रकार का दावा अपत्ति हो तो आम सुचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेंज सहित स्वंय उपस्थित होकर लिखित में दावा आपति दर्ज करावें, समयावधि के पश्चात् उक्त संपति को मेरे पक्षकार द्वारा मेसर्स चोलामंडलम इनवेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कंपनी लिमिटेड राजनांदगाँव (छ.ग.) में बंधक रखकर ऋण की प्रकिया पूर्ण करेगा, तत्पश्चात किया गया कोई भी दावा आपत्ति अवैध व शून्य माना जावेगा जो मेरे पक्षकार पर बंध ानकारी नही होगा।

अतः सूचना जानें

दिनांक 30/01/2025
स्थान- राजनांदगाँव (छ.ग.)

भवदीय
सुमंत बख्शी
अधिवक्ता
निवासी ऑफिस नं. 211, द्वितीय तल , सन सिटी जंक्शन, सन सिटी कंचनबाग, राजनांदगाँव (छ.ग.) मो.नं.- 9826156704

कार्यालय समय:- सुबह 10.30 बजे से शाम 7.30 बजे तक

# डोंगरगांव नगर पंचायत क्षेत्र मे शासकीय जमीन पर अतिक्रमण राजस्व विभाग के कार्य शैली पर सवाल कि जा चुकी है लिखित शिकायत के बाद भी कार्यवाही

## शासकीय जमीन का लिखा पड़ी कर लाखों में हो रहा सौदा



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर कब्जा करने के साथ ही जमीन हथियाना का क्रम निरंतर जारी है द्य शासकीय जमीन को हतियाने के मामले में लगातार नगर पंचायत और राजस्व विभाग पर की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगता रहा है द्य इसमें कुछ जनप्रतिनिधि और रसूखदारों के इशारे पर नियम कानून को ताक पर रखकर शासकीय जमीनों को निजी बताकर अतिक्रमण कर बाकायदा स्टांप में लिखा पढ़ी के साथ लाखों में बेच दिया जा रहा है द्य राजस्व विभाग के कर्मचारियों को यह भी जानकारी नहीं है कि कहां कितने शासकीय भूमि खाली है जिसे सुरक्षित किया जा सके शासकीय भूमि को बचाने या सुरक्षित रखने में रुचि नहीं दिखाती द्य लगातार करियाटोला, मटिया और मुख्य मार्ग में अतिक्रमण को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के पास लिखित और मौखिक में भी शिकायत कि जा चुकी है पर इस ओर अधिकारी अपना ध्यान आकर्षित नहीं कर रहे हैं द्य नगर में यह भी चर्चा है कि बड़े नेताओ की इसमें संलिप्तता होने के कारण अधिकारी इस मामले को लेकर गंभीर नहीं दिख रहे हैं द्य

पुराने कब्जे तो है ही हैं और नए कब्जे कर शासकीय जमीन का लाखों में सौदा कर बेच रहे हैं जिसे रोकने में आला अधिकारी असफल है कुछ जमीन दलाल, रसूखदार, कुछ जनप्रतिनिधि साथ ही वाडो के कई नामी चेहरे शासकीय जमीन को बेचने में शामिल है आखिर इनके पीछे इनके क्या खेल है या पर्दे के पीछे हैं जिसे जानना वह समझना जरूरी है अब देखने वाली बात यह होगा कि प्रशासन शासकीय जमीन बेचने वालों के ऊपर और लेने वालों के ऊपर करवाई करेगी या नहीं ?

**राजनीति की आड़ में शासकीय भूमि को लिया जा रहा है ?**

मिली जानकारी के अनुसार शासकीय जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर मकान बनाने की तैयारी में है राजनीति पार्टी से तालुकात रखता है इसी के दम पर राजनीति के आड़ में शासकीय जगह पर मकान बनाना शुरू कर दिए हैं शहर में शासकीय जमीनों को कब्जा का क्रम लगातार जारी है जिसे देखकर लगता है कि उन्हें किसी सफेद पोश नेताओं का संरक्षण प्राप्त है जिस वजह से अवैध अतिक्रमण कार्यों पर प्रशासन किसी भी तरह से कार्रवाई करने पर हिचकिचाहट महसूस कर रही है।

मामला आया है, संबंधित लोगों से वैध दस्तावेज की जानकारी मांगी गई है। नोटिस जारी किया गया। चुनाव के बाद कार्यवाही की जाएगी-
**पीएल नाग, तहसीलदार डोंगरगांव**

# मेंढा में गुहाराज निषाद जंयती व युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज अर्जुनी क्षेत्रीय स्तरीय एवं पचगईया के तत्वावधान में युवक-युवती परिचय सम्मेलन व गुहराज निषाद जंयती समारोह मेढ़ा अर्जुनी में कार्यक्रम आयोजित की गई है । समारोह का मुख्य अतिथि दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव दलेश्वर साहू ने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक समरसता, सामाजिक क्षेत्रों में एकरूपता समाज ही देश-प्रदेश को जोड़कर रखने की कला बताते हुए आयोजन समिति को शुभकामनाएं व आशीर्वाद प्रदान किया । कार्यक्रम का अध्यक्षता कुंवर सिंह निषाद प्रदेश अध्यक्ष निषाद समाज व विधायक गुंडरदेही ने कहा कि सामाजिक कार्यक्रम से समाज में जागरूकता आती है, समाज विकास की ओर आगे बढ़ता है । बच्चों की शिक्षा को आगे बढ़ाने ट्रेनिंग देने, हॉस्टल सुविधा व शादी विवाह में सहयोग करने तथा सामाजिक गतिविधियां नियमावली के अनुसार समाज का विकास करने, चुनाव का मंत्र, सरपंच, जनपद, जिला पंचायत का चुनाव में भाग लेकर समाज को राजनीति क्षेत्र में उच्च स्थान प्राप्त कर मछुवारा समाज को संगठित करने की बात कही । समाज के मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद सोनवानी ने बताया कि विशिष्ट अतिथि द्रुपद मुन्ना निषाद जिलाध्यक्ष निषाद समाज, हीरा भाई निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत डोंगरगांव, श्रीमती इंदूमती साहू सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव, मोहनीश साहू जनपद सदस्य, श्रीमती सुशीला निषाद प्रदेश अध्यक्ष, गिरधर निषाद प्रदेश सचिव निषाद समाज, श्रीमती पदमनी निषाद जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, रेखा लाल निषाद सरपंच मेढ़ा, लोकेश निषाद जिला उपाध्यक्ष निषाद समाज, चैन कुमार निषाद सोनवानी मीडिया प्रभारी निषाद समाज राजनांदगांव, टीकम निषाद जिला महासचिव निषाद समाज, मीलू राम साहू ग्राम पटेल, दुर्गा निषाद महिला प्रकोष्ठ उपस्थित थे । कार्यक्रम में नवीन जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के जिलाध्यक्ष फत्तेराम निषाद, कोषाध्यक्ष संत राम निषाद सहित पदाधिकारी उपस्थित थे । इस अवसर पर आयोजक समिति अर्जुनी क्षेत्रीय अध्यक्ष मौजीराम निषाद, मनीराम निषाद सचिव, शशी कुमार निषाद पंचगहिया अध्यक्ष, अश्वनी कुमार निषाद सचिव, नीलम निषाद ग्राम प्रमुख, ग्रामीण सचिव धनंजय निषाद, बसंत निषाद, तिरथ निषाद, टीकम निषाद सहित क्षेत्र वासियों ने जिला क्षेत्रीय एवं पचगईया पदाधिकारियों व स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

## ज्ञान मंथन

*1) भारत का सबसे छोटा हवाई अड्डा का नाम क्या है?*
*2) 1858 में किस शहर को 1 दिन के लिए भारत की राजधानी बनाया गया था?*
*3) हाल ही में, उत्तर प्रदेश के किस शहर में राज्य की पहली डबल-डेकर इलेक्ट्रिक बस सेवा का शुभारंभ किया गया?*
*4) हाल ही में, पहले आकाशीय अभ्यास अंतरिक्ष अभ्यास-2024 का आयोजन कहाँ किया गया?*
*5) हाल ही में बुकर पुरस्कार 2024 से किसे सम्मानित किया गया?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**




## उत्तर माला

(1) बलजेक हवाई अड्डा, मेघालय (2) इलाहाबाद (3) लखनऊ (4) नई दिल्ली (5) सामंथा हार्वे

# शाला वार्षिकोत्सव एवं बाल मेला कलरव का भव्य आयोजन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बच्चों को विभिन्न प्रकार के व्यंजनो से परिचित कराने एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से स्थानीय शासकीय प्राथमिक शाला अंग्रेजी माध्यम डोंगरगांव में हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव एवं बाल मेल कलरव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों, पालको एवं ग्रामजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। गरिमामय कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के दो प्रमुख सेवानिवृत प्रधान पाठक हीरालाल ढ़ोमने, पवन ठाकुर की मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से से हुई । कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रधान पाठक विजय जैन ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि हमारे विद्यालय के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का अवसर है कि आज हम सब मिलकर प्रतिवर्षानुसार वार्षिकोत्सव कलरव का आयोजन कर रहे हैं। आज मेरे लिए यह अत्यंत गर्व और भावुकता का क्षण है कि जिस विद्यालय में मैंने विद्यार्थी के रूप में अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष बिताए, आज उसी विद्यालय में संस्था प्रमुख के रूप में आपके सामने खड़ा हूं। इस विद्यालय की दीवारें, यह परिसर, और यहाँ के शिक्षक मेरे जीवन के निर्माण में आधारशिला रहे हैं। यहाँ मैंने न केवल शिक्षा प्राप्त की, बल्कि जीवन के मूल्य, अनुशासन, और संघर्ष का महत्व भी सीखा हैं। उन्होने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के सेवानिवृत शिक्षक हीरालाल ढोमने ने अपनी आसंदी से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास ही उनकी सफलता को दर्शाता है। उन्होने संस्था को याद करते हुए कहा कि मेरे पिता जो स्वयं इस संस्था में प्रधान पाठक के पद पर रहे है एवं मै स्वयं इसी संस्था से पढ़कर इसी संस्था से प्रधान पाठक रहते सेवानिवृत हुआ हूँ । उन्होने कहा कि अंग्रेजो



के समय से संचालित सन 1881 से इस संस्था का संचालन हो रहा है। इसी संस्था से आज कई छात्र छात्राएॅ बहुत ही उच्च पदों पर अपनी शोभा बढ़ा रहे है। वही अध्यक्षता कर रहे संस्था के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक पवन ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज बहुत ही गर्व का दिन है कि मेरे गुरू जिन्होने मुझे इस संस्था में अपना आशीर्वाद दिया उन्ही के आशीर्वाद से आज मै इस संस्था से प्रधान पाठक के पद तक पहुच कर सेवानिवृत्त हुआ हॅू। उन्होने विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों की सराहना की और कहा, कि इस तरह के आयोजन बच्चों को नई सोच और प्रेरणा प्रदान करते हैं । विदित हो कि कलरव वार्षिकोत्सव का प्रारंभ सेवानिवृत्त पवन ठाकुर के द्वारा ही प्रारंभ किया गया था जो कि इनके सेवानिवृत्त हो जाने पर आज तक हर साल इस कलरव उत्सव को बड़े ही धूमधाम से संस्था परिवार एवं पालको एवं विभिन्न समाजसेवियो व भूतपूर्व छात्र छात्राओं के सहयोग से लगातार मनाया जा रहा है ।

**दुलारी यदु का किया गया विशेष सम्मान**

संस्था की सेवानिवृत्त शिक्षका दुलारी यदु का विशेष सम्मान संस्था परिवार की ओर से किया गया । विदित हो दुलारी यदु ने अपने जीवन के 45 वर्ष इस संस्था को समर्पित किया है एवं उनके द्वारा पढ़ाये गये छात्र आज उच्च पदो को सुशोभित कर रहे है एवं कई सेवानिवृत भी हो चुके है ।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम - शाला के छात्र**- छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, गायन और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों ने समाज के विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता फैलाने का काम भी किया।

**बाल मेंला** - शाला परिसर में पालक एवं विभिन्न समाजसेवी द्वारा बाल मेले में लगाए गए विज्ञान और कला के प्रोजेक्ट ने उनकी रचनात्मकता और ज्ञान को प्रदर्शित किया। इसके साथ ही विभिन्न खेल, मनोरंजन स्टॉल और खानपान की दुकानों ने मेले को और भी आकर्षक बना दिया।

**प्रतिभा सम्मान** - संस्था के छात्र-छात्राओं को उनके विभिन्न प्रतिभाओं के लिए संस्था की ओर से उन्हे प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं को विभिन्न प्रकार के डांस , नाटक, एवं शिक्षा प्रद कार्यक्रम को बच्चो के सफल संचालन के लिए कोरियोग्राफर आशीष कामड़े का सम्मान प्रतीक चिन्ह एवं शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया । विदित हो लगातार पॉच वर्ष से आशीष कामड़े बच्चो को नि:शुल्क सांस्कृतिक कार्यक्रम सिखाने का कार्य कर रहे है।

**उद्घोषक का सम्मान** - कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए गजेन्द्र हरिहारनो दीप का सम्मान संस्था परिवार की ओर से प्रतीक चिन्ह एवं शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया । विदित हो प्रतिवर्ष गजेन्द्र हरिहारनो दीप द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया जाता है।

## पंडित भगवती प्रसाद तिवारी से आशीर्वाद लिया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थल ग्राम आलीखुटा में श्री



शिवमहापुराण कथा श्रवण करने तथा आशीर्वाद लेने जिला पंचायत प्रत्याशी मघुबाला अंगेशवर देशमुख जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव ने पंडित भगवती प्रसाद तिवारी से आशीर्वाद लिया तथा भण्डारा के सहयोग प्रदान किया श्री शिवमहापुराण कथा श्रवण किया आयोजक समिति समिति तथा ग्रामवासियों उपस्थित रहा।

## युगवानी कार्यक्रम मे सम्मिलित हुए रानू साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित



कार्यक्रम 30 जनवरी 2025 गुरुवार को युगवाणी कार्यक्रम में आज मोर पारी क्रम में कुमारी रानू साहू ग्राम दैहान बांधाबाजार राजनांदगांव से युगवाणी कार्यक्रम में शाम के 5 बजे आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम आज मोर पारी क्रम में कुमारी रानू साहू अपने आलेख को आकाशवाणी के माध्यम से प्रसारित किया जा रहा है रेडियो एक अच्छा माध्यम है जो कि मनोरंजन ही नहीं बल्कि उनसे अच्छी अच्छी बातें एवं ज्ञानवर्धक जानकारी देते है ।

## आयुर्वेद औषधालय सुरगी परिसर पर ध्वजारोहण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आदर्श ग्राम सुरगी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आयुर्वेद औषधालय सुरगी में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर आयुर्वेद औषधालय की समस्त स्टाफ एवं मितानिन एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। यह जानकारी औषधालय सेवक दिलीप भीमटे ने दी।

## अब तक जिला पंचायत सदस्य पद के लिए एक अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देश पत्र जमा और 39 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत अब तक जिला पंचायत सदस्य पद के लिए कुल 1 अभ्यर्थी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है तथा कुल 39 अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया गया है। आज जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 1 अभ्यर्थी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। इसके अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य पद के लिए निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12-गैंदाटोला हेतु चुम्मनलाल साहू ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। आज कुल 16 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया है। इसके अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य पद हेतु निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1-पटेवा के लिए दीपक बाई, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1-पटेवा के लिए किरण बारले, लिए किरण वैष्णव, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12- गैंदाटोला के लिए कौशल कुमार साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13 - कुमर्दा के लिए प्रताप सिंह धावड़े, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13- कुमर्रा के लिए कांति भंडारी ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिये निगम की टीम ने की कार्यवाही

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने सख्ती बरतते हुये नगर निगम की टीम अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग करने वाले दुकानदारों पर प्रतिदिन कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज निगम का स्वास्थ्य अमला मोहारा फ्लाई ओव्हर के नीचे अभियान चलाकर 24 ठेला खोमचा एवं चखना सेन्टर पर कार्यवाही कर डिस्पोजल ग्लास, चम्मच, पानी पाउच, की जप्ती कर 5 हजार 4 सौ रूपये जुर्माना वसूल कर 6 किलो पालिथिन जप्त किये। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कडा रूख अपना रही है। शासन के मंशानुरूप नगर निगम भी अभियान चलाकर प्रतिदिन प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है।निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने कार्यवाही के संबंध में कहा कि पर्यावरण एवं मानव जीवन सहित पशु पक्षियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये शासन निर्देश के अनुक्रम में एवं कलेक्टर व प्रशासक श्री संजय अग्रवाल



के निर्देश पर निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में प्रतिदिन सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने समझाईस दे रहे है, समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाये जाने पर कार्यवाही कर रहे है। कार्यवाही की कडी में आज मोहारा फ्लाई ओव्हर के नीचे पान ठेला, होटल, चखना सेन्टर के 24 ठेला गुमटी में निगम का स्वास्थ्य अमला दबिश देकर 5 हजार 4 सौ रूपये जुर्माना लगा 6 किलो पालिथीन जप्त किये। जप्ती की कडी में 15 रीम डिस्पोजल ग्लास, चम्मच तथा 4 बोरी पानी पाउच भी जप्त किया गया। उक्त अभियान प्रतिदिन जारी रहेगी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय व उपयोग न करे, साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि स्वच्छता अपनाये व प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करते हुये जब भी घर से निकले कपडे के थैला लेकर निकले तथा लोगो को भी इसके लिये प्रेरित करे।

## विधिमान्य नहीं पाये जाने पर पार्षद पद हेतु प्राप्त 3 नाम निर्देशन पत्र निरस्त

**230 नाम निर्देशन पत्र वैध पाए गए**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रेक्षक आईएएस श्रीमती जयश्री जैन, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति



में रिटर्निंग ऑफिसर श्री खेमलाल वर्मा द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका निगम राजनांदगांव के महापौर पद हेतु प्राप्त 13 एवं पार्षद पद हेतु प्राप्त 233 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। संवीक्षा में वार्ड क्रमांक 31 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से सोनिया सोनकर, वार्ड क्रमांक 31 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय से ओमेश्वरी जंघेल, वार्ड क्रमांक 49 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस से कोमल निषाद का नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य नहीं पाये जाने पर निरस्त किया गया। इसी तरह पार्षद पद हेतु प्राप्त 230 नाम निर्देशन पत्र वैध पाए गए।

# जय व्यापार पैनल की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक: व्यापारिक हितों के लिए ठोस कदम और नई योजनाओं की घोषणा

**व्यापारियों का विश्वास, जय व्यापार पैनल का प्रयास, व्यापार की उन्नति, हमारा संकल्प**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आगामी चुनाव के लिए आज राजनांदगांव में जय व्यापार पैनल के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अमर पारवानी, अजय भसीन, मनमोहन अग्रवाल, संजय चौबे सहित व्यापार जगत के अनेक प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने एक स्वर में जय व्यापार पैनल का समर्थन करते हुए चुनाव में पूरी सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक की शुरुआत में जय व्यापार पैनल के संजय चौबे ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा, च्आज का दिन छत्तीसगढ़ के व्यापार और उद्योग क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है।


# महापौर पद हेतु 13 एवं पार्षद पद हेतु 233 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया

**राजनांदगांव।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका निगम राजनांदगांव के महापौर पद हेतु कुल 13 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु 233 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। नगर पालिका निगम राजनांदगांव के महापौर पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से अजीत जैन, आम आदमी पार्टी से कमलेश स्वर्णकार, भारतीय जनता पार्टी से मधुसूदन यादव, इंडियन नेशनल कांग्रेस से निखिल द्विवेदी, बहुजन समाज पार्टी से शमसुल आलम, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से महेन्द्र लाल जंघेल, शिवसेना से माखन यादव, निर्दलीय से दीपा रामटेके, निर्दलीय से केवल रजक, निर्दलीय से राजेश गुप्ता, निर्दलीय से राकेश कुमार ठाकुर, निर्दलीय से संदीप शुक्ले, निर्दलीय से डॉ. केएल टांडेकर ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। नगर पालिका निगम राजनांदगांव अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से खेमलाल साहू, इंडियन नेशनल कांग्रेस से राजा तिवारी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से राजेश कुमार सेवता, भारतीय जनता पार्टी से सुरेन्द्र साहू, निर्दलीय से कमल मिश्रा कुल 5 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 2 से पार्षद पद हेतु आम आदमी पार्टी से रवि कुमार देवांगन, भारतीय जनता पार्टी से सावन कुमार वर्मा, इंडियन नेशनल कांग्रेस से सुरेन्द्र देवांगन, निर्दलीय से धनेश्वर दास मानिकपुरी, निर्दलीय से रोहित यादव, निर्दलीय से शालिनी मानिकपुरी कुल 6 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से धीरज कुमार घोड़ेसवार, भारतीय जनता पार्टी से कमलेश कुमार बंधे, इंडियन नेशनल कांग्रेस से शैलेश ठावरे, निर्दलीय से सेवन दास, निर्दलीय से शिवम गढ़पायले कुल 5 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस से बैना बाई टुरहाटे, भारतीय जनता पार्टी से श्यामा सुखदेवे, इंडियन नेशनल कांग्रेस से सुनील रामटेके, इंडियन नेशनल कांग्रेस से पुर्णिमा नागदेवे, भारतीय जनता पार्टी से शिव वर्मा, निर्दलीय से सादिक खान, निर्दलीय से समीर खान कुल 7 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से अनिल गजभिये, इंडियन नेशनल कांग्रेस से छोटेलाल रामटेके, बहुजन समाज पार्टी से नरेन्द्र उके, आम आदमी पार्टी से राजेन्द्र (बबलू) सोनी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से सिद्धार्थ डोंगरे कुल 5 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद पद हेतु बहुजन समाज पार्टी से दीपक लाल खापर्डे, भारतीय जनता पार्टी से संदीप बघेल, आम आदमी पार्टी से विद्या तिरपुड़े, इंडियन नेशनल कांग्रेस से विशाल गढ़े, निर्दलीय से शशांक डोंगरे कुल 5 अभ्यर्थी, वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से डॉ. अरविंद सिन्हा, इंडियन नेशनल कांग्रेस से हफीज खान, इंडियन नेशनल कांग्रेस से हरीश कुमार यादव कुल 3 अभ्यर्थी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

## धर्म समाचार....

# अकबर की गलती से हुई थी बीरबल की मृत्यु, लाश तक नहीं मिली थी

बादशाह अकबर और उनके नौ रत्नों में शामिल मंत्री बीरबल के किस्से सभी ने सुने हैं। हालांकि बहुत कम लोगों को पता है कि बीरबल का निधन कैसे हुआ। इतिहासकारों ने इस बारे में कहीं-कहीं जिक्र किया है। बीरबल की मृत्यु को कुछ लोगों ने साजिश भी बताया है। बादशाह अकबर और उनके सबसे प्रिय मंत्री बीरबल के किस्से आज भी लोकप्रिय हैं। बादशाह अकबर जब भी मुश्किल में फंसते थे, तो नौ रत्नों में शामिल अपने मंत्री बीरबल को याद करते थे। यही नहीं, अकबर कई बार बीरबल की परीक्षा भी लेते थे। इस बीच, एक सवाल उठता है कि आखिर बीरबल की मृत्यु कैसे हुई। इतिहास की कुछ किताबों में इसका जिक्र है और कई लोग बीरबल की मृत्यु के लिए बादशाह अकबर को ही दोषी मानते हैं। 'यूपीवालों रामलला के दर्शन करने 15 दिन तक मत आना', आखिर क्यों मंदिर प्रशासन को करनी पड़ी ये अपील'यूपीवालों रामलला के दर्शन



करने 15 दिन तक मत आना', आखिर क्यों मंदिर प्रशासन को करनी पड़ी ये अपील यह तब की बात है जब अफगानिस्तान तक बादशाह अकबर का राज था। इतिहासकार शमी जमां ने अपनी किताब च्अकबरज् में लिखा है कि तब स्वात और बाजौर में कुछ कबीलों का आतंक था। कबीलाई लड़ाकों से निपटने के लिए अकबर ने अपने सेनापति खान कोका को भेजा था, लेकिन वो हार गया। इसके बाद अकबर ने युद्ध के मैदान में बीरबल को भेजने का फैसला किया, जो बिल्कुल गलत था। बीरबल युद्ध के मैदान में तलवारबाजी करने वाले इंसान नहीं थे। दरबार में बैठकर दुश्मन के खिलाफ रणनीति बनाना उन्हें बखूबी आता था। बीरबल अफगानिस्तान में मारे गए। कहीं-कहीं ऐसा भी लिखा गया है कि खान कोका ने ही साजिशन बीरबल को अफगानिस्तान बुलाया और फिर पहाड़ी से धक्का दे दिया। उस समय भी बीरबल की मौत को लेकर सालों तक अफवाहों का दौर चला। कुछ लोगों ने कहा कि बीरबल एक विशालकाय चट्टान के नीचे दब गए। उनका पार्थिव शरीर भी नहीं मिला। अंतिम संस्कार भी नहीं हो पाया। कुछ ने कहा कि उनकी मौत की खबर अफवाह थी। बीरबल सालों तक अफगानिस्तान में साधु के वेश में रहे। बहरहाल, बीरबल की मृत्यु बादशाह अकबर के लिए बहुत बड़ा झटका थी। उनके जाने के बाद अकबर गुमसुम रहने लगे। बीरबल के बचपन का नाम महेश दास दुबे था। उनका जन्म मध्य प्रदेश के सीधी जिले के घोघरा गांव में हुआ था। इस गांव में आज भी उनके वंशज रहते हैं। हालांकि ये सभी किसान हैं और इनकी आर्थिक स्थिति खराब है।

## यूपीवालों रामलला के दर्शन करने 15 दिन तक मत आना', आखिर क्यों मंदिर प्रशासन को करनी पड़ी ये अपील

महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में स्नान करने के बाद श्रद्धालु अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जा रहे हैं। भारी भीड़ के कारण श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महा मंत्री चम्पत राय ने यूपी के भक्तों से 15 दिन तक दर्शन न करने की अपील की है, ताकि दूर से आने वाले भक्तों को सुविधा हो सके। महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में स्नान करने के लिए करोड़ों श्रद्धालु रोज प्रयागराज पहुंच रहे हैं। इनमें से कई श्रद्धालु स्नान के बाद ट्रेन, बस व अपनी सुविधा अनुसार अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए भी जा रहे हैं। प्रशासन के लिए भक्तों की भीड़ को मैनेज करना पाना चुनौतीपूर्ण हो गया है। इसी को देखते हुए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महा मंत्री चम्पत राय ने यूपी के श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि वह 15 दिन तक रामलला के दर्शन करने न आएं। चम्पत राय महा मंत्री श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने भक्तों से निवेदन करते हुए कहा कि आदरणीय भक्तजन, जय श्री राम... प्रयागराज में दिनांक 29 जनवरी को कुम्भ में मौनी अमावस्या का मुख्य स्नान है। अनुमान है कि 10 करोड़ लोग 29 जनवरी को प्रयागराज में गंगा में स्नान करेंगे। बहुत बड़ी संख्या में प्रयागराज से भक्तजन अयोध्या पहुंच रहे हैं। ट्रेन और सड़क दोनों प्रकार से भक्तजन प्रयाग से अयोध्या आ रहे हैं। पिछले तीन दिनों से अयोध्या में दर्शनार्थियों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। अयोध्या धाम की आबादी और आकार को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि इतनी अधिक संख्या में भक्तों को एक दिन में रामलला के दर्शन कराना बहुत कठिन है। यह भक्तों की परेशानी का कारण बन जाएगा। परिणाम स्वरूप किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोकने के लिए आवश्यक हो गया है कि भक्तों को अधिक पैदल चलाना पड़ रहा है।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# कांग्रेस प्रत्याशियों की मैराथन बैठक संपन्न चुनाव संचालक राजेश तिवारी ने किये कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र

## राजनांदगांव नगरीय निकाय चुनाव संचालक राजेश तिवारी ने प्रत्याशियों व कांग्रेसजनों को दिए कई महत्वपूर्ण जानकारी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगरीय निकाय चुनाव संचालक राजेश तिवारी ने आगामी चुनाव के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि सबसे पहले वोटर लिस्ट का अध्ययन कर मतदाताओं की जानकारी लो, बाहर व अन्यंत्र रहने वाले मतदाताओं का नाम, नंबर एकत्रित करों, लगातार वार्ड वरिष्ठजनों से चर्चा कर रायशुमारी लो फिर मतदाताओं से देश व प्रदेश सरकार की अनीतियों को उजागर करों वही पूर्व की कांग्रेस की सरकार की योजनाओं को सामने रखों कि किस तरह कांग्रेस की भूपेश सरकार ने कई जनहितकारी योजनाएं चलाकर लोगों का रोजगार उपलब्ध कराया

पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा जब से भाजपा की सरकार आयी है तब से प्रदेश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। पुलिस भर्ती से लेकर कई भ्रष्टाचार हुए है। आज वक्त आ गया है हम सभी को मिलकर निगम में अपना महापौर बनाना है और शहर के विकास की रफ्तार को आगे बढ़ाना है

महापौर प्रत्याशी निखिल द्विवेदी ने कांग्रेसजनों से आशीर्वाद लेते हुए भरोसा दिलाया कि निगम में कांग्रेस का परचम लहराएंगा और कांग्रेस का महापौर बनेगा वहीं भाजपा प्रत्याशी पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा का हर एक कार्यकर्ता के जुबान पर यही बात है कि क्या नांदगांव में और कोई नहीं है जो इसी व्यक्ति को जिलाध्यक्ष, सांसद, महापौर, बनाएं अब फिर उसी टिकिट दे दिया, जो व्यक्ति नांदगांव छोड़ डोंगरगांव जाकर लड़ा और 25 से 30 हजार वोट से दलेश्वर साहू जी से हारे थे कब तक कवर्धा के आंकाओं की इशारे पर रहेगा अब समय आ गया है नांदगांव में नेता नहीं बेटा चाहिए



राजनांदगांव कांग्रेस विधायक प्रत्याशी रहे गिरीश देवांगन ने उपस्थित कांग्रेसजनों में उत्साह का संचार करते हुए कहा कि कोई भी चुनाव को कम नहीं आंकना चाहिए। पूरे जोश व अनुशासन व एकसाथ मिलकर सभी कार्यकर्ताओं के साथ इस चुनाव को लड़ना है और अहंकारी भाजपा को धूल चटाना है आज इस बात का संकल्प लें कि कांग्रेस प्रत्याशी को हमें पूरी ताकत के साथ विजयी बनाना है। यहां से जाना के बाद वार्डों में वरिष्ठजनों के साथ बैठक लेकर रणनीति बनाएं और कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को विजयी बनाएं बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, जितेन्द्र मुदलियार, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, कमलजीत सिंह पिन्टू, प्रेमचंद बाफ्ना, रमेश राठौर, शहर कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, शाहिद ख़ान , दिनेश शर्मा,विभा साहू , शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष राजू खान, महामंत्री झम्मन देवांगन, हनी ग्रेवाल, तथागत पांडेय, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, अभिमन्यु मिश्रा, विरेन्द्र चौहान, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज माखिजा, रौशनी सिन्हा, हफीज खान, हरिनारायण धकेता, अतुल शर्मा, अंकेश बाफ्ना, आकाश अग्रवाल, आशीष रामटेके, पंकज गुप्ता, गुड्डु वर्मा, मनीष साहू, सौम्य शर्मा, रामस्वरूप सिंह, शशांक राजपूत, चेतन सिन्हा, राहुल देवांगन, नीरज कन्नौजे, संदीप जायसवाल, सुरेन्द्र देवांगन, राजा यादव, नासिर खां, दौलत चंदेल, शरद जैन, परशुराम जायसवाल, अजय छेदैया, लेलिन कसार, शिवम गढ़पायले, आशीष सोनकर, संतोष ताडेकर, किशन दास, रोनित मेश्राम, आकाश, केतन तिवारी, आदित्य, अश्वनी कुमार, विशु अजमानी, संदीप सोनी, संजय कुमार साहू, अमित जंघेल, डा.राकेश कुमार, सूरज मेश्राम, केशव पटेल, भागचंद साहू, कृष्ण साहू, गोविन्द साहू, रामनाथ निर्मलकर, परमानंद वर्मा, प्रकाश सोनी, शकील रिजवी, रियाज चौहान, नवाज



कुरैशी, शेख अनीस, देवेश वैष्णव, विनोद गेन्डे, मधुकर वंजारी, शैलेष ठावरे, महेश साहू, अब्दुल कय्यूम खान, संगीता साहू, अंशुका बहेकर, अनुसूईया, ममता जायसवाल, सरोज यादव, रितिका वंजारी, बबलू कसार, ललिता साहू, रीना पटेल, ममता गजभिये, ढालेश्वरी साहू, प्रतिमा बंजारे, सरिता शर्मा, सीमना चौरसिया, प्रज्ञा गुप्ता, दुलारीबाई साहू, मोहनी सिन्हा, मधुबाला श्रीवास्तव, किर्ती साहू, दुर्गा देवांगन, हनीफ खान, अंसार खान, छोटेलाल रामटेके, विशाल गढ़े, अब्बास खान, सुनील रामटेके, नरेन्द्र सिन्हा, पन्नालाल साहू, दिनेश साहू, हितेन्द्र साहू, मयंक सोनी, अनुराग चौहान, मुस्तफा जोया, कर्तव्य देवांगन, विनोद यादव, देवकी यादव, महेश यादव, गोपी रजक, राजकुमार वाल्दे, प्रदीप यादव, फरमान अली, जीतू सिन्हा, किशन सिन्हा, हिमांशु वंजारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## रवि शुक्ला ने भी छोड़ा कांग्रेस का हाथ

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर में कांग्रेस के प्रमुख , विधायक प्रतिनिधि तथा कांग्रेस के प्रवक्ता रवि शुक्ला ने भी वार्ड नं. 4 से पार्षद पद का टिकट न मिलने पर भावुक लेटर लिखकर कांग्रेस का हाथ छोड़ दिया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को लिखे एक पत्र में रवि ने लिखा है कि उन्होंने पार्टी द्वारा दिये गये अपने सारे दायित्वों का सजगता तथा ईमानदारीपूर्वक निर्वहन किया हूं। किन्तु पार्टी द्वारा मेरे द्वारा किये गये कार्यों का उचित मूल्यांकन नहीं किया गया, जिससे मैं बहुत ही आहत हूं। उन्होंने अपने स्वर्गीय पिताजी का भी उल्लेख करते हुए लिखा है कि आज परिस्थिति स्वयं को सिद्ध करने की आ पड़ी है, तब उन्होंने चुनाव लडने् का फैसला लिया है। इसके साथ ही उन्होंने निर्दलीय पर्चा भरा है।

### दोनों दलों से अनेकों ने निर्दलीय पर्चा भरा

इसके अलावा नगर में कांग्रेस के निवृतमान पार्षद किशोर बोहरा ने टिकट न मिलने पर वार्ड नं. 10 से तथा उनकी पत्नि ने वार्ड नं. 8 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में फार्म भरा है। लेकिन उन्होंने अभी कांग्रेस से त्यागपत्र नहीं दिया है। इसके अलावा भाजपा समर्थित निवृतमान पार्षद मो. सिद्धिक बडगुजर ने भी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री पद से इस्तीफा देते हुए वार्ड नं. 7 से तथा उनकी रिश्तेदार नफीसा मुसलमान ने वार्ड नं. 8 से निर्दलीय फार्म भरा है। जानकारी के अनुसार भाजपा के अक्षय कुमार जैन उर्फ चंकी व विकास गुप्ता ने वार्ड नं. 4 से, भाजपा के ही जितेन्द्र सोनकर ने वार्ड नं. 10 से निर्दलीय फार्म भरा है। सबसे बड़ा नाम सरिता ढीमर का है, जो भाजपा की जिला मंत्री तथा पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष हैं। इन्होंने भाजपा से टिकट न मिलने पर अध्यक्ष पद हेतु निर्दलीय फार्म भरकर भाजपा की परेशानी बढ़ा दी है। बता दें उन्हें निचले, गरीब व मध्यम वर्ग के वोटर बड़ी संख्या में अपना मानते हैं। बहरहाल, आने वाले दो दिन दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं के लिए परीक्षा की घड़ी है कि वे अपने से रूठे कितनों को मनाने में सफल होते हैं। दोनों दलों के नाराज चल रहे कार्यकर्ता जो वर्तमान में अपने अपने पार्टी से इस्तीफा देकर चुनाव मैदान में उतर कर दोनों दलों कासमीकरण बिगाड़ दिया है।

## नगरीय निकाय चुनाव लाल बहादुर नगर : पहले नगर पंचायत चुनाव में 05 ने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी ठोंकी



डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में 05 दावेदारों के द्वारा नगर अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया गया है. दोनों प्रमुख पार्टी भाजपा और कांग्रेस के द्वारा मंडल परिवार के भाजपा के द्वारा पूर्व सरपंच देवेंद्र साहू तो कांग्रेस के द्वारा राजकुमार साहू को टिकट दिए जाने के कारण यह चुनाव भारी रोचक हो गया है और मतदाताओं के लिए उत्सुकता का विषय बन गया है. अब देखना यह है नगर पंचायत के पहले चुनाव में मतदाता किसके सर पर सेहरा बांधती है. नामांकन के आखिरी दिन भाजपा और कांग्रेस के द्वारा बड़े उत्साह के साथ बाजे गाजे के साथ वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में नामांकन पत्र रिटर्निंग आफिसर तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु, सहायक रिटर्निंग आफिसर वनिश चंद्र दुबे व नायब तहसीलदार राजेश कुमार नेताम के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया गया तो दूसरी ओर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में श्रीमती उषा यदु, राकेश कुमार सिन्हा व पवित कुमार साहू के द्वारा अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया गया तो दूसरी ओर कुल 15 वार्ड के पार्षद पद के लिए 58 प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है. भाजपा के द्वारा भाजपा कार्यालय से प्रदेश संगठन महामंत्री भरत वर्मा, चुनाव प्रभारी सुनील चीकू जैन, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, वेदराम साहू, अशोक साहू, नोबल साहू,पवन साहू की उपस्थिति में जुलूस निकालकर नगर भ्रमण करते हुए चुनाव कार्यालय पहुँचकर नामांकन पत्र दाखिल किया गया. इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे. वहीं कांग्रेस कार्यालय से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विधायक

### 15 वार्ड के पार्षद के लिए 58 प्रत्याशीयों ने नामांकन दाखिल किया



दलेश्वर साहू, जनपद अध्यक्ष भावेश सिंग, गुलाब वर्मा, प्रमोद अग्रवाल, अजय अग्रवाल, राजेंद्र यदु, दुलारू ढिमर त्रिलोक भाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्तागण उपस्थित थे.

## टोलागांव में 48 व्यक्तियों ने रक्तदान महादान किए

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अम्बागढ़ चौकी-ग्राम टोलागॉव(ब्राह्मण भेड़ी) ,विकास खण्ड अम्बागढ़ चौकी,जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी अयोध्या में श्रीराम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर यह आयोजन किया जिसमें 48 लोगों रक्तदान किए। उपपुलिस अधीक्षक नेहा पावर जी ने कहा रक्तदान जीवनदान है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है। इस बात का अहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई अपना खून के लिए जिंदगी और मौत के बीच जूझता है। उस वक्त हम नींद से जागते हैं और उसे बचाने के लिए खून के इंतजाम की जद्दोजहद करते हैं।अनायास दुर्घटना या बीमारी का शिकार हममें से कोई भी हो सकता है। आज हम सभी शिक्षि ?त व सभ्य समाज के नागरिक है, जो केवल अपनी नहीं बल्कि दूसरों की भलाई के लिए भी सोचते हैं तो



क्यों नहीं हम रक्तदान के पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें और लोगों को जीवनदान दें। अश्वनी राठौर थाना प्रभारी अम्बागढ़ चौकी ने कहा रक्तदान का उद्देश्य क्या है? सबसे मूल्यवान उपहार जो हम दे सकते हैं वह है रक्तदान। रक्तदान करने से एक या अधिक लोगों की जान बच सकती है रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे जबर्दस्त आत्म संतुष्टि मिलती है। कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार लाभ होते हैं। अत: हम सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,सत्यम ब्लड ग्रुप एवं जनकल्याण समाजिक संस्था किसान युवा मंडल ,स्वामी विवेकानंद युवा उत्थान संगठन ,चिंतानायक ,मनहरण पिथौरा, डेमन लाल तरार,अनुज तुलावी नीलकंठ कोमरे,देव यादव,राजेश्वर साहू,भजन साहू,कृपा राम साहू,नेहा खंडेलवाल, रूपेश्वरीसाहू ,तुलसी वर्मा,सोमेश हरमुख,विजय वैष्णव,चित्रांगन साहू विजयठाकुर ,गिरधरसोनवानी,अशोक सेवता, देव यादव समस्त कार्यकर्त्ता बंधुओ का विशेष योगदान रहा है।यह जानकारी सत्यम ब्लड ग्रुप के संयोजक चित्रांगन साहू दी ।

## मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर परम पूज्य गुरुदेव के द्वारा ऊनी वस्त्र वितरण किया गया

**राजनांदगबांव ( नांदगांव टाइम्स )।** माँ कामाख्या देवी जन कल्याण सेवा संस्थान के तत्वाधान में परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) के द्वारा ऊनी वस्त्र का दान किया जा रहा है साथ में प्रतिदिन चाय पानी नाश्ता और भंडारे का भी आयोजन किया गया है ट्रस्ट में बाहर से जो आने जाने वाले लोग हैं उनके लिए निशुल्क रहने खाने की व्यवस्था की गई है ,नागवासुकी मंदिर के सामने सेक्टर ..8 में संस्था का शिविर लगाया गया है साथ में प्रतिदिन गर्म कपड़े और चाय पानी नाश्ता वितरण किया जा रहा है।



## सफाई का हाल जानने आयुक्त सुबह सनसिटी, पुराना बस स्टैण्ड, जी.ई.रोड में भ्रमण कर बस स्टैंड में कचरा फैलाने पर की कार्यवाही

### आयुक्त ने सनसिटी में डोर टू डोर कचरा संग्रहण की कालोनी वासियों से ली जानकारी, रेवाडीह कांजी हाउस देख साफसफाई रखने, चारा पानी की पर्याप्त भंडारण के दिये निर्देश



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर में बेहतर साफ सफाई, प्रतिबंधित प्लांस्टिक पर बैन लगाने, मलमा व अन्य समान रख यातायात बाधित करने तथा कचरा फैलाने रोक लगाने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा स्वयं शहर में सुबह घुम रहे है। इसी कडी में आज उन्होंने सनसिटी, पुराना बस स्टैण्ड एवं जी.ई.रोड में साफसफाई का जायजा लेकर झिल्ली पन्नी का उपयोंग करने पर तथा कचरा फैलाने पर कार्यवाही करनें स्वास्थ्य अमला को निर्देशित किये। वही रेवाडीह कांजी हाउस का निरीक्षण कर सुचारू संचालन के निर्देश दिये।सनसिटी में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सफाई का जायजा लेकर कालोनी वासियों से रूबरू हो साफसफाई की जानकारी लेकर डोर टू डोर कचरा संग्रहण की जानकारी ली। कालोनी वासियों ने कहा कि साफ सफाई बराबर होती है, कचरा लेने भी आते है पर कभी लेट हो जाता है। आयुक्त ने कालोनी वासियों से अलग अलग कचरा देने तथा नियमित रूप से युजर चार्ज देने कहा। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा से कहा कि साफ सफाई के अलावा कचरा संग्रहण के लिये गाडी बढ़ावे। पुराना बस स्टैण्ड में सफाई का निरीक्षण कर बस स्टैण्ड व उसके आस पास प्रतिदिन साफ सफाई करने, नाली निकाल कचरा उठाने निर्देशित किये। उन्होंने बजरंग होटल तथा बस स्टैण्ड के दुकानदारों व ठेला खोमचा वालो से दुकान सीमा में लगाने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने, कचरा नहीं फैलाने समझाईस दिये, वही बजरंग होटल के बाजू महोबिया पान ठेला पर कचरा फैलाने 5 सौ रूपये जुर्माना लगाया गया। उन्होंने सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण कर साफ सफाई रखने, पानी की पर्याप्त उपलब्धता रखने, पोताई कराने के निर्देश संचालक को दिये। जी.ई.रोड में साफसफाई देख आयुक्त ने आम्बेडकर चौक फ्लाई ओव्हर के नीचे होटल, ठेला खोमचा वालो को साफ सफाई रखने अपना दुकान किनारे व्यवस्थित



लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गंदगी फैलाने, झिल्ली पन्नी का उपयोग करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। रेवाडीह में कांजी हाउस निरीक्षण के दौरान मवेशियों की संख्या की जानकारी लेकर छुडाने के दौरान शुल्क पर्ची की जानकारी लेकर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधित को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कांजी हाउस में साफ सफाई रखा जावे और मवेशियों के लिये दाना पानी की पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने कहा।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com